CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM- 2023

SKYC-G-GSF

# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## प्रश्न-पत्र IV / Paper IV

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन** घंटे<br>*Time Allowed :* ***Three*** *Hours* | अधिकतम अंक : **250**<br>*Maximum Marks :* **250** |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **बारह** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए ।*

*प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* ***TWELVE*** *questions divided in* ***TWO SECTIONS*** *and printed both in* ***HINDI*** *and in* ***ENGLISH****.*

***All*** *questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) भारत में कॉर्पोरेट शासन के संदर्भ में 'नैतिक ईमानदारी' और 'पेशेवर दक्षता' से आप क्या समझते हैं ? उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What do you understand by 'moral integrity' and 'professional efficiency' in the context of corporate governance in India ? Illustrate with suitable examples. *10*

(Answer in 150 words)

(b) 'संसाधन के अभाव से ग्रस्त' राष्ट्रों की मदद के लिए 'अंतरराष्ट्रीय सहायता' एक स्वीकृत व्यवस्था है । 'समसामयिक अंतरराष्ट्रीय सहायता में नैतिकता' पर टिप्पणी कीजिए । अपने उत्तर को उचित उदाहरणों द्वारा पुष्ट कीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

'International aid' is an accepted form of helping 'resource-challenged' nations. Comment on 'ethics in contemporary international aid'. Support your answer with suitable examples. *10*

(Answer in 150 words)

**Q2.** (a) "भ्रष्टाचार समाज में बुनियादी मूल्यों की असफलता की अभिव्यक्ति है ।" आपके विचार में समाज में बुनियादी मूल्यों के उत्थान के लिए क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"Corruption is the manifestation of the failure of core values in the society." In your opinion, what measures can be adopted to uplift the core values in the society ? *10*

(Answer in 150 words)

(b) उपयुक्त उदाहरण सहित कार्य परिवेश के सन्दर्भ में 'ज़बरदस्ती' और 'अनुचित प्रभाव' में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

In the context of work environment, differentiate between 'coercion' and 'undue influence' with suitable examples. *10*

(Answer in 150 words)


Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

**Q3.** महान विचारकों के तीन उद्धरण नीचे दिए गए हैं । वर्तमान संदर्भ में प्रत्येक उद्धरण आपको क्या संप्रेषित करता है ?

Given below are three quotations of great thinkers. What do each of these quotations convey to you in the present context ?

(a) "दयालुता के सबसे सरल कार्य प्रार्थना में एक हज़ार बार झुकने वाले सिरों से कहीं अधिक शक्तिशाली हैं ।" — महात्मा गाँधी

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"The simplest acts of kindness are by far more powerful than a thousand heads bowing in prayer." — Mahatma Gandhi *10*

(Answer in 150 words)

(b) "लोगों को जागरूक करने के लिए महिलाओं को जागृत होना चाहिए । जैसे ही वे आगे बढ़ती हैं, परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है, देश आगे बढ़ता है ।" — जवाहरलाल नेहरू

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"To awaken the people, it is the women who must be awakened. Once she is on the move, the family moves, the village moves, the nation moves." — Jawaharlal Nehru *10*

(Answer in 150 words)

(c) "किसी से घृणा मत कीजिए, क्योंकि जो घृणा आपसे उत्पन्न होगी वह निश्चित ही एक अंतराल के बाद आप तक लौट आएगी । यदि आप प्रेम करेंगे, तो वह प्रेम चक्र को पूरा करता हुआ आप तक वापस आएगा ।" — स्वामी विवेकानंद

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"Do not hate anybody, because that hatred that comes out from you must, in the long run, come back to you. If you love, that love will come back to you, completing the circle." — Swami Vivekananda *10*

(Answer in 150 words)

**Q4.** (a) "सफलता, चरित्र, खुशी और जीवन-भर की उपलब्धियों के लिए वास्तव में जो मायने रखता है वह निश्चित रूप से भावनात्मक कौशलों का एक समूह है — आपका ई.क्यू. — न कि विशुद्ध रूप से संज्ञानात्मक क्षमताएँ जो पारंपरिक आई.क्यू. परीक्षणों से मापी जाती हैं ।" क्या आप इस मत से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"What really matters for success, character, happiness and lifelong achievements is a definite set of emotional skills — your EQ — not just purely cognitive abilities that are measured by conventional IQ tests." Do you agree with this view ? Give reasons in support of your answer. *10*

(Answer in 150 words)


Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

(b) 'नैतिक अंतर्ज्ञान' से 'नैतिक तर्कशक्ति' का अन्तर स्पष्ट करते हुए उचित उदाहरण दीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Differentiate 'moral intuition' from 'moral reasoning' with suitable examples. *10*

(Answer in 150 words)

**Q5.** (a) नैतिक निर्णय लेने के सन्दर्भ में जब कानून, नियमों और अधिनियमों की तुलना की जाती है तो क्या अंतरात्मा की आवाज़ अधिक विश्वसनीय मार्गदर्शक है ? चर्चा कीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Is conscience a more reliable guide when compared to laws, rules and regulations in the context of ethical decision-making ? Discuss. *10*

(Answer in 150 words)

(b) 'सत्यनिष्ठा प्रभावी शासन प्रणाली और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है ।' विवेचना कीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

'Probity is essential for an effective system of governance and socio-economic development.' Discuss. *10*

(Answer in 150 words)

**Q6.** (a) गुरु नानक की प्रमुख शिक्षाएँ क्या थीं ? समकालीन दुनिया में उनकी प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए ।

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What were the major teachings of Guru Nanak ? Explain their relevance in the contemporary world. *10*

(Answer in 150 words)

(b) सामाजिक पूँजी की व्याख्या कीजिए । यह सुशासन में वृद्धि कैसे करती है ?

(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Explain the term social capital. How does it enhance good governance ? *10*

(Answer in 150 words)


Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

## खण्ड B
## SECTION B

**Q7.** कई सालों से आप एक राष्ट्रीयकृत बैंक में कार्यपालक के रूप में कार्य कर रहे हैं। एक दिन आपकी एक नज़दीकी सहकर्मी ने आपको बताया कि उसके पिताजी दिल की बीमारी से पीड़ित हैं और उन्हें बचाने के लिए तुरन्त ऑपरेशन की ज़रूरत है। उसने आपको यह भी बताया कि उसके पास कोई बीमा नहीं है और ऑपरेशन की लागत लगभग ₹ 10 लाख होगी। आप यह भी जानते हैं कि उसके पति नहीं रहे और वह निम्न-मध्यम-वर्ग परिवार से है। आप उसके हालात से समानुभूति रखते हैं। हालाँकि, सहानुभूति के अलावा आपके पास रकम देने के लिए संसाधन नहीं हैं।

कुछ सप्ताह बाद, आप उसके पिताजी की कुशलता के बारे में पूछते हैं और वह आपको उनके ऑपरेशन की सफलता के बारे में सूचित करती है कि उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। फिर उसने आपको गुप्त रूप से बताया कि बैंक मैनेजर इतने दयालु थे कि उन्होंने ₹ 10 लाख किसी के निष्क्रिय खाते से ऑपरेशन के लिए जारी कर दिए, इस वायदे के साथ कि यह गोपनीय होना चाहिए और जल्द-से-जल्द चुकाया जाए। उसने पहले ही रकम चुकाना शुरू कर दिया है और जब तक पूरी रकम चुकता नहीं हो जाती तब तक वह रकम भरती रहेगी।

(a) इसमें कौन-से नैतिक मुद्दे शामिल हैं ?

(b) नैतिकता के नज़रिए से बैंक मैनेजर के व्यवहार का मूल्यांकन कीजिए।

(c) इस हालात में आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

You are working as an executive in a nationalised bank for several years. One day one of your close colleagues tells you that her father is suffering from heart disease and needs surgery immediately to survive. She also tells you that she has no insurance and the operation will cost about ₹ 10 lakh. You are also aware of the fact that her husband is no more and that she is from a lower middle class family. You are empathetic about her situation. However, apart from expressing your sympathy, you do not have the resources to fund her.



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

A few weeks later, you ask her about the well-being of her father and she informs you about his successful surgery and that he is recovering. She then confides in you that the bank manager was kind enough to facilitate the release of ₹ 10 lakh from a dormant account of someone to pay for the operation with a promise that it should be confidential and be repaid at the earliest. She has already started paying it back and will continue to do so until it is all returned.

(a) What are the ethical issues involved ?

(b) Evaluate the behaviour of the bank manager from an ethical point of view.

(c) How would you react to the situation ? *20*

(Answer in 250 words)

**Q8.** उत्तरकाशी से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर सुदूर पहाड़ी बस्ती में 20 जुलाई, 2023 की मध्यरात्रि में एक भूस्खलन हुआ । भूस्खलन मूसलाधार बारिश के कारण हुआ और नतीजन जान-माल की हानि बड़े पैमाने पर हुई । आप, उस क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट होने के नाते, डॉक्टरों के दल, एन.जी.ओ., मीडिया और पुलिस के साथ बहुत से सहायक स्टाफ को लेकर घटनास्थल पर बचाव अभियान के लिए तुरन्त पहुँचे ।

एक आदमी अपनी गर्भवती पत्नी की अत्यावश्यक चिकित्सा सहायता के लिए आपके पास भागता हुआ आया, जो प्रसव में है और उन्हें रक्त रिसाव हो रहा है । आपने अपने चिकित्सक दल को उसकी पत्नी की जाँच करने का निर्देश दिया । उन्होंने वापस आकर आपको बताया कि उस औरत को तुरन्त खून चढ़ाने की आवश्यकता है । पूछताछ करने पर, आपको पता चला कि कुछ रक्त संग्रह बैग और रक्त समूह परीक्षण किट एम्बुलेंस में आपकी टीम के पास मौजूद हैं । आपकी टीम के कुछ सदस्य स्वेच्छा से अपना रक्तदान करने के लिए पहले से ही तैयार हैं ।



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

एम्स से स्नातक चिकित्सक होने के नाते, आप जानते हैं कि खून चढ़ाने के लिए मान्यता-प्राप्त ब्लड बैंक से ही रक्त के इन्तज़ाम की आवश्यकता है । आपकी टीम के सदस्य इस मुद्दे पर बँटे हुए हैं; कुछ खून चढ़ाने के हक में हैं, जबकि कुछ इसके विरोध में हैं । यदि उन्हें खून चढ़ाने के लिए दण्डित नहीं किया जाएगा तो टीम में डॉक्टर प्रसव कराने के लिए तैयार हैं । अब आप दुविधा में हैं । आपका पेशेवर प्रशिक्षण मानवता और लोगों का जीवन बचाने को प्राथमिकता देने पर ज़ोर देता है ।

(a) इस मामले में कौन-से नैतिक मुद्दे शामिल हैं ?

(b) क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट होने के नाते आपके पास उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए ।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

A landslide occurred in the middle of the night on 20th July, 2023 in a remote mountain hamlet, approximately 60 kilometres from Uttarkashi. The landslide was caused by torrential rains and has resulted in large-scale destruction of property and life. You, as District Magistrate of that area, have rushed to the spot with a team of doctors, NGOs, media and police along with numerous support staff to oversee the rescue operations.

A man came running to you with a request for urgent medical help for his pregnant wife who is in labour and is losing blood. You directed your medical team to examine his wife. They return and convey to you that this woman needs blood transfusion immediately. Upon enquiry, you come to know that a few blood collection bags and blood group test kits are available in the ambulance accompanying your team. Few people of your team have already volunteered to donate blood.

Being a physician who has graduated from AIIMS, you know that blood for transfusion needs to be procured only through a recognized blood bank. Your team members are divided on this issue; some favour transfusion, while some others oppose it. The doctors in the team are ready to facilitate the delivery provided they are not penalized for transfusion. Now you are in a dilemma. Your professional training emphasizes on prioritising service to humanity and saving lives of individuals.

(a) What are the ethical issues involved in this case ?

(b) Evaluate the options available to you, being District Magistrate of the area. *20*

(Answer in 250 words)



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

**Q9.** शनिवार की शाम 9 बजे संयुक्त सचिव रशिका अपने कार्यालय में अब भी अपने काम में व्यस्त थी । उसके पति विक्रम किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यपालक हैं और अपने काम के सिलसिले में अकसर वे शहर से बाहर रहते हैं । उनके दो बच्चे 5 और 3 साल के हैं जिनकी देखभाल घरेलू सहायिका द्वारा होती है । रशिका के उच्च अधिकारी श्रीमान सुरेश ने उसे शाम 9:30 बजे बुलाया और उन्होंने मंत्रालय की बैठक में चर्चा होने वाले किसी ज़रूरी मुद्दे पर एक विस्तृत टिप्पणी तैयार करने के लिए कहा । उसे लगा कि उसके उच्च अधिकारी द्वारा दिए गए इस अतिरिक्त काम को पूरा करने के लिए उसे रविवार को काम करना होगा ।

वह स्मरण करती है कि कैसे वह इस पोस्टिंग के प्रति उत्सुक थी और इसे हासिल करने के लिए उसने कई महीने देर-देर तक काम किया था । उसने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लोगों के कल्याण को सर्वोपरि रखा था । उसे महसूस होता है कि उसने अपने परिवार के साथ पर्याप्त न्याय नहीं किया है और आवश्यक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में कर्तव्यों को पूरा नहीं किया है । यहाँ तक कि अभी पिछले महीने में उसे अपने बीमार बच्चे को आया की देखभाल में छोड़ना पड़ा था क्योंकि उसे दफ्तर में काम करना था । अब उसे लगता है कि उसे एक रेखा खींचनी चाहिए, जिसमें अपनी पेशेवर ज़िम्मेदारियों की तुलना में प्रथमत: निजी ज़िंदगी को महत्त्व मिलना चाहिए । वह सोचती है कि समय की पाबंदी, कड़ी मेहनत, कर्तव्य के प्रति समर्पण और नि:स्वार्थ सेवा जैसी कार्य नैतिकता की समुचित सीमाएँ होनी चाहिए ।

(a) इस मामले में शामिल नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए ।

(b) महिलाओं के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और न्यायसंगत कार्य परिवेश मुहैया कराने के संदर्भ में सरकार द्वारा बनाए गए कम-से-कम चार कानूनों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

(c) कल्पना कीजिए कि आप भी ऐसी ही स्थिति में हों । आप उक्त कामकाजी परिस्थितियों को हल्का करने के लिए क्या सुझाव देंगे ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

At 9 pm on Saturday evening, Rashika, a Joint Secretary, was still engrossed in her work in her office. Her husband, Vikram, is an executive in an MNC and frequently out of town in connection with his work. Their two children aged 5 and 3 are looked after by their domestic helper. At 9:30 pm her superior, Mr. Suresh calls her and asks her to prepare a detailed note on an important matter to be discussed in a meeting in the Ministry. She realises that she will have to work on Sunday to finish the additional task given by her superior.



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

She reflects on how she had looked forward to this posting and had worked long hours for months to achieve it. She had kept the welfare of people uppermost in discharging her duties. She feels that she has not done enough justice to her family and she has not fulfilled her duties in discharging essential social obligations. Even as recently as last month she had to leave her sick child in the nanny's care as she had to work in the office. Now, she feels that she must draw a line, beyond which her personal life should take precedence over her professional responsibilities. She thinks that there should be reasonable limits to the work ethics such as punctuality, hard work, dedication to duty and selfless service.

(a) Discuss the ethical issues involved in this case.

(b) Briefly describe at least four laws that have been enacted by the Government with respect to providing a healthy, safe and equitable working environment for women.

(c) Imagine you are in a similar situation. What suggestions would you make to mitigate such working conditions ? 20

(Answer in 250 words)

**Q10.** विनोद एक ईमानदार और निष्ठावान आईएएस अधिकारी हैं । हाल ही में उन्होंने राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया है, पिछले तीन साल में यह उनका छठा तबादला है । उनके साथी उनके विशाल ज्ञान, मिलनसारिता और ईमानदारी को स्वीकार करते हैं ।

राज्य सड़क परिवहन निगम के अध्यक्ष एक शक्तिशाली राजनीतिज्ञ हैं, जो मुख्यमंत्री के बहुत करीबी हैं । विनोद को निगम की अनेक कथित अनियमितताओं और वित्तीय मामलों में अध्यक्ष की मनमानी के बारे में पता चला ।

निगम के विरोधी दल के एक बोर्ड सदस्य विनोद से मुलाकात करते हैं और कुछ दस्तावेज़ों के साथ एक वीडियो रिकॉर्डिंग सौंपते हैं, जिसमें अध्यक्ष क्यूएमआर टायरों की आपूर्ति के लिए एक बड़ा ऑर्डर देने के लिए रिश्वत की माँग करते हुए दिखाई दे रहे हैं । विनोद को याद है कि अध्यक्ष ने क्यूएमआर टायरों के लंबित बिलों को तेजी से निपटाने का काम किया था ।



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

विनोद, बोर्ड सदस्य से पूछते हैं कि वे अपने पास मौजूद तथाकथित ठोस सबूतों के साथ अध्यक्ष को बेनकाब करने से क्यों कतरा रहे हैं । सदस्य उन्हें सूचित करते हैं कि अध्यक्ष ने उनकी धमकियों के सामने झुकने से इनकार कर दिया है । उन्होंने आगे कहा कि अगर विनोद खुद अध्यक्ष को बेनकाब करेंगे तो उन्हें पहचान और जनता का समर्थन मिल सकता है । इसके अलावा वे विनोद से कहते हैं कि एक बार उनकी पार्टी सत्ता में आ जाएगी तो विनोद की पेशेवर वृद्धि सुनिश्चित हो जाएगी ।

विनोद को पता है कि अगर उन्होंने अध्यक्ष का भंडाफोड़ किया तो उसे दण्डित किया जा सकता है और आगे चलकर उन्हें किसी दूर स्थान पर स्थानांतरित भी किया जा सकता है । विनोद जानते हैं कि आगामी चुनाव में विपक्षी दल के सत्ता में आने की बेहतर संभावना है । हालाँकि उन्हें यह भी एहसास है कि बोर्ड सदस्य अपने राजनीतिक लाभों के लिए उनका इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं ।

(a) एक कर्तव्यनिष्ठ सिविल सेवक के रूप में विनोद के लिए उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए ।

(b) उपर्युक्त मामले के आलोक में, नौकरशाही के राजनीतिकरण के कारण उत्पन्न होने वाले नैतिक मुद्दों पर टिप्पणी कीजिए ।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Vinod is an honest and sincere IAS officer. Recently, he has taken over as Managing Director of the State Road Transport Corporation, his sixth transfer in the past three years. His peers acknowledge his vast knowledge, affability and uprightness.

The Chairman of the State Road Transport Corporation is a powerful politician and is very close to the Chief Minister. Vinod comes to know about many alleged irregularities of the Corporation and the high-handedness of the Chairman in financial matters.

A Board Member of the Corporation belonging to the Opposition Party meets Vinod and hands over a few documents along with a video recording in which the Chairman appears to be demanding bribe for placing a huge order for the supply of QMR tyres. Vinod recollects the Chairman expediting clearing of pending bills of QMR tyres.



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

Vinod confronts the Board Member as to why he is shying away from exposing the Chairman with the so-called solid proof he has with him. The member informs him that the Chairman refuses to yield to his threats. He adds that Vinod may earn recognition and public support if he himself exposes the Chairman. Further, he tells Vinod that once his party comes to power, Vinod's professional growth would be assured.

Vinod is aware that he may be penalized if he exposes the Chairman and may further be transferred to a distant place. He knows that the Opposition Party stands a better chance of coming to power in the forthcoming elections. However, he also realizes that the Board Member is trying to use him for his own political gains.

(a) As a conscientious civil servant, evaluate the options available to Vinod.

(b) In the light of the above case, comment upon the ethical issues that may arise due to the politicization of bureaucracy. *20*

(Answer in 250 words)

**Q11.** हाल ही में आप केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त हुए हैं । आपके प्रभाग के मुख्य आर्किटेक्ट, जो छह महीने में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर उत्साहपूर्वक कार्य कर रहे हैं, जिसका सफल समापन उनके बचे हुए जीवन में एक स्थायी प्रतिष्ठा हासिल करेगा ।

मैनचेस्टर आर्किटेक्टचर स्कूल, यूके से प्रशिक्षित, एक नई महिला आर्किटेक्ट, सीमा ने आपके प्रभाग में बतौर वरिष्ठ आर्किटेक्ट कार्यभार सम्भाला है । इस प्रोजेक्ट के बारे में विवरण देने के दौरान, सीमा ने कुछ सुझाव दिए जो न केवल प्रोजेक्ट में मूल्य वृद्धि करेंगे, बल्कि प्रोजेक्ट की समापन अवधि भी घटा देंगे । इससे मुख्य आर्किटेक्ट असुरक्षित हो गए और सारा श्रेय सीमा को प्राप्त होने की उन्हें लगातार चिन्ता होने लगी । नतीजन, उसने सीमा के प्रति एक निष्क्रिय और आक्रामक व्यवहार अपना लिया जो सीमा के लिए अपमानजनक हो गया । सीमा उलझन में पड़ गई क्योंकि मुख्य आर्किटेक्ट उसे नीचा दिखाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं । वह अकसर दूसरे सहयोगियों के सामने सीमा को ग़लत ठहराते और उससे ऊँची आवाज़ में बात करते । इस लगातार उत्पीड़न से सीमा आत्मविश्वास और आत्मसम्मान खोने लगी । वह लगातार तनाव, चिंता और दबाव महसूस करती । ऐसा प्रतीत हुआ कि सीमा मुख्य आर्किटेक्ट से डर भरे विस्मय में थी क्योंकि वह एक लम्बे समय से कार्यालय में थे और उनके पास इस कार्य क्षेत्र में व्यापक अनुभव था ।



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

सीमा की उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता और पूर्व संस्थाओं में कैरियर रिकॉर्ड से आप अवगत हैं । हालाँकि, आपको डर है कि इस उत्पीड़न से सीमा को इस महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट में अत्यन्त आवश्यक योगदान पर समझौता करना पड़ सकता है और यह उसकी भावात्मक कुशलता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है । आपको अपने समकक्ष लोगों से भी पता चला है कि वह त्यागपत्र देने के बारे में सोच रही है ।

(a) उपर्युक्त मामले में कौन-से नैतिक मुद्दे शामिल हैं ?

(b) प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए तथा सीमा को संस्था में बनाए रखने के लिए आपके पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं ?

(c) सीमा की दुर्दशा के लिए आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ? संस्था में ऐसी घटनाएँ रोकने के लिए आप क्या कदम उठाएँगे ?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

You have just been appointed as Additional Director General of Central Public Works Department. The Chief Architect of your division, who is to retire in six months, is passionately working on a very important project, the successful completion of which would earn him a lasting reputation for the rest of his life.

A new lady architect, Seema, trained at Manchester School of Architecture, UK joined as Senior Architect in your division. During the briefing about the project, Seema made some suggestions which would not only add value to the project, but would also reduce completion time. This has made the Chief Architect insecure and he is constantly worried that all the credit will go to her. Subsequently, he adopted a passive and aggressive behaviour towards her and has become disrespectful to her. Seema felt it embarrassing as the Chief Architect left no chance of humiliating her. He would very often correct her in front of other colleagues and raise his voice while speaking to her. This continuous harassment has resulted in her losing confidence and self-esteem. She felt perpetually tensed, anxious and stressed. She appeared to be in awe of him since he has had a long tenure in the office and has vast experience in the area of her work.



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

You are aware of her outstanding academic credentials and career record in her previous organisations. However, you fear that this harassment may result in compromising her much needed contribution in this important project and may adversely impact her emotional well-being. You have also come to know from her peers that she is contemplating tendering her resignation.

(a) What are the ethical issues involved in the above case ?

(b) What are the options available to you in order to complete the project as well as to retain Seema in the organization ?

(c) What would be your response to Seema's predicament ? What measures would you institute to prevent such occurrences from happening in your organization ? *20*

(Answer in 250 words)

**Q12.** सरकार के एक मंत्रालय में आप ज़िम्मेदार पद पर हैं । एक दिन सुबह आपके 11 साल के बेटे के स्कूल से फोन आया कि आपको प्रिंसिपल से मिलने आना है । आप स्कूल गए और आपने अपने बेटे को प्रिंसिपल के कार्यालय में देखा । प्रिंसिपल ने आपको सूचित किया कि जिस समय कक्षाएँ चल रही थीं, उस समय आपका बेटा मैदान में बेमतलब घूमता हुआ पाया गया था । कक्षा-शिक्षक आपको बताते हैं कि आपका बेटा इधर अकेला पड़ गया है और कक्षा में सवालों का जवाब नहीं देता है, वह हाल ही में आयोजित फुटबॉल ट्रायल में भी अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थ रहा है । आप अपने बेटे को स्कूल से ले आते हैं और शाम को अपनी पत्नी के साथ बेटे के बदलते व्यवहार के कारणों के बारे में जानने की कोशिश करते हैं । बार-बार मनाने के बाद, आपके बेटे ने साझा किया कि कुछ बच्चे कक्षा में और छात्रों के व्हाट्सअप ग्रुप में उसे बौना, मूर्ख और मेंढक कहकर उसका मज़ाक उड़ा रहे थे । वह आपको कुछ बच्चों के नाम बताता है जो मुख्य दोषी हैं लेकिन आपसे मामले को शांत रहने देने की विनती करता है ।

कुछ दिनों बाद, एक खेल आयोजन के दौरान, जहाँ आप और आपकी पत्नी अपने बेटे को खेलते हुए देखने गए थे, आपके एक सहकर्मी का बेटा आपको एक वीडियो दिखाता है जिसमें छात्रों ने आपके बेटे का व्यंग्यचित्र बनाया है । इसके अलावा, वह उन दोषी बच्चों की ओर इशारा करता है जो स्टैंड में बैठे थे । आप जान-बूझकर अपने बेटे के साथ उनके पास से गुज़रते हैं और घर लौटते हैं । अगले दिन, सोशल मीडिया पर आपको, आपके बेटे को और यहाँ तक कि आपकी पत्नी को


Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

भी बदनाम करने वाला एक वीडियो मिलता है, जिसमें कहा गया है कि आप खेल के मैदान पर बच्चों को शारीरिक रूप से परेशान करने में लगे हुए हैं । वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । आपके मित्रों और सहकर्मियों ने पूरा विवरण जानने के लिए आपको फोन करना शुरू कर दिया । आपके एक जूनियर ने आपको एक जवाबी वीडियो बनाने की सलाह दी जिसमें पृष्ठभूमि दी जाए और बताया जाए कि मैदान पर कुछ भी नहीं हुआ है । बदले में आपने एक वीडियो पोस्ट किया जिसे आपने खेल आयोजन के दौरान बनाया था, जिसमें संभावित गड़बड़ी करने वालों की पहचान की गई थी जो आपके बेटे की परेशानी के लिए ज़िम्मेदार थे । आपने यह भी बताया है कि मैदान में वास्तव में क्या हुआ था और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के प्रतिकूल प्रभावों को सामने लाने का प्रयास किया है ।

(a) उपर्युक्त केस स्टडी को आधार बनाकर सोशल मीडिया के उपयोग में शामिल नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए ।

(b) अपने परिवार के ख़िलाफ़ फर्जी प्रचार का मुकाबला करने के लिए तथ्यों को सामने रखने हेतु आपके द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग करने के लाभ और हानियों पर चर्चा कीजिए ।

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

You hold a responsible position in a ministry in the government. One day in the morning you received a call from the school of your 11-year-old son that you are required to come and meet the Principal. You proceed to the school and find your son in the Principal's office. The Principal informs you that your son had been found wandering aimlessly in the grounds during the time classes were in progress. The class teacher further informs you that your son has lately become a loner and did not respond to questions in the class, he had also been unable to perform well in the football trials held recently. You bring your son back from the school and in the evening, you along with your wife try to find out the reasons for your son's changed behaviour. After repeated cajoling, your son shares that some children had been making fun of him in the class as well as in the WhatsApp group of the students by calling him stunted, duh and a frog. He tells you the names of a few children who are the main culprits but pleads with you to let the matter rest.



Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

After a few days, during a sporting event, where you and your wife have gone to watch your son play, one of your colleague's son shows you a video in which students have caricatured your son. Further, he also points out to the perpetrators who were sitting in the stands. You purposefully walk past them with your son and go home. Next day, you find on social media, a video denigrating you, your son and even your wife, stating that you engaged in physical bullying of children on the sports field. The video became viral on social media. Your friends and colleagues began calling you to find out the details. One of your juniors advised you to make a counter video giving the background and explaining that nothing had happened on the field. You, in turn posted a video which you have captured during the sporting event, identifying the likely perpetrators who were responsible for your son's predicament. You have also narrated what has actually happened in the field and made attempts to bring out the adverse effects of the misuse of social media.

(a) Based on the above case study, discuss the ethical issues involved in the use of social media.

(b) Discuss the pros and cons of using social media by you to put across the facts to counter the fake propaganda against your family. *20*

(Answer in 250 words)


Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment

Abhishek Kumar · VidBodh Academy · vidbodh.com
Physics Optional · Science & Technology · Ecology & Environment